श्री मुख्तार अब्बास नक़वी
माननीय मंत्री
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

परिचय

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी संसद सदस्य (राज्य सभा) तथा केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री , भारत सरकार। इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश के एक सम्माननीय परिवार में जन्मे तथा पले-बढ़े, श्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने अपने जीवन की शुरूआत बचपन से ही कठोर परिश्रम , दृढ़संकल्प और सिद्धान्तों एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ की। छोटी आयु में ही इनका आकर्षण श्री जयप्रकाश नारायण द्वारा आरंभ किये गये ''सम्पूर्ण क्रान्ति अभियान'' की ओर हो गया था और इन्हें ''छात्र युवा संघर्ष वाहिनी'' का सचिव निर्वाचित किया गया तथा इन्होंने विभिन्न आंदोलनों में भी प्रमुख भूमिका निभाई। आपातकाल के दौरान , इन्हें 17 वर्ष की छोटी आयु में डीआईआर-मीसा के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया और केन्द्रीय कारागार, नैनी में बंद रखा गया। इन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी एवं राजनीतिक पदों पर कार्य करते हुए सामाजिक , राष्ट्रवादी मूल्यों एवं विचारधारा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के कारण क्षमता और कुशलता सिद्ध की। इन्होंने निरंतर एक सामान्य सामाजिक कार्यकर्ता और मानवीय मूल्यों की रक्षा करने वाले समर्पित सिपाही के रूप में अपनी पहचान बनाए रखी। इन्हें अधिकांश जनसमुदाय द्वारा सकारात्मक सोच वाले नेता , राष्ट्रवादी प्रवक्ता, राजनेता तथा मानवीय मूल्यों के रक्षक के रूप में जाना जाता है।

निजी वेबसाइट : http://mukhtarabbasnaqvi.in/

<u>शैक्षणिक योग्यता:</u>

- बी.ए. (ऑनर्स), स्नातकोत्तर (मास कम्यूनिकेशन)।
- एफआरआई कॉलेज में मीडिया एंड कम्यूनिकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।
- बरेली, एंग्लो-वरना कॉलेज, इलाहाबाद, यादगार कॉलेज, इलाहाबाद और एशियन इंस्टीट्रयूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज।

<u>व्यवसाय :</u>

- कृषक, लेखक, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता।

<u>धारित पद :</u>

1978 इलाहाबाद जिला युवा जनता जनता पाटी का यूथ विंग के उपाध्यक्ष एवं महासचिव।

1979 उत्तर प्रदेश युवा जनता की राज्य कार्यपालिका के सदस्य निर्वाचित।

1982 उत्तर प्रदेश युवा जनता के महासचिव के रूप में पदोन्नति।

1992 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, भाजपा का यूथ विंग।

1998 रामपुर (उ.प्र.) से 12वीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित।

1998 श्री अटल बिहारी वाजपेई की मंत्री परिषद में सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री के रूप में शामिल किए गए।

2000 राष्ट्रीय सचिव, भारतीय जनता पार्टी।

2002 राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता, कई महत्वपूर्ण राज्यों के प्रभारी, भाजपा की केंद्रीय चुनाव प्रबंधन एवं समन्वयन समिति के प्रभारी।

जनवरी, 2006 से अखिल भारतीय उपाध्यक्ष, भाजपा, केंद्रीय चुनाव प्रबंधन एवं समन्वयन समिति, भाजपा के प्रभारी।

2001-2003 सीसीआरटी, संस्कृति मंत्रलय, भारत सरकार के निर्वाचित उप-सभापति।

2003-2008 विदेश मंत्रलय, भारत सरकार की वायु चार्टरित समिति (हज) के निर्वाचित उप-सभापति।

2003-2004 वक्फ़ बोर्डो के कार्यकरण संबंधी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष।

2004-2008 अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कोर्ट के सदस्य।

2003-2004 वित्त एवं वाणिज्य की स्थायी समिति के सदस्य।

2004-2005 रक्षा की स्थायी समिति के सदस्य।

2006-2008 विदेश मंत्रलय की विदेश समिति के सदस्य।

2004-2008 सूचना एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रलय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य।

2010, जुलाई, उत्तर प्रदेश से राज्य सभा के लिए निर्वाचित।

2010, अगस्त, नागर विमानन मंत्रलय, भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के नामित सदस्य।

2010, सितम्बर, वक्फ़ (संशोधन) विधेयक संबंधी प्रवर समिति के सदस्य नामित।

2010, नवम्बर, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रलय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य नामित।

2011, फरवरी, भारत सरकार की सार्वजनिक उपक्रम कंपनियों (पीएसयू) के सदस्य निर्वाचित।

2011, दिसम्बर, मई से सार्वजनिक उपक्रमों संबंधी समिति के सदस्य। 2011 से उपाध्यक्ष, भारत-ईरान संसदीय मैत्री समूह।

2012, मई से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कोर्ट के सदस्य।

2012, अक्टूबर से संसद सदस्यों के वेतनों एवं भत्तों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य।

2013, जनवरी, संसद सदस्यों के वेतनों एवं भत्तों संबंधी संयुक्त समिति के नामित सदस्य।

2013, दिसम्बर, राज्य सभा की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य।

2014, नवम्बर, केंद्रीय राज्य मंत्री, संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य, भारत सरकार।

2016, जून, झारखण्ड से राज्य सभा के लिए निर्वाचित।

2016, जुलाई, केंद्रीय राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कार्य (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य, भारत सरकार।

2017, सितम्बर, केंद्रीय मंत्री, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।

<u>सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां :</u>

विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय तौर पर शामिल रहे। कारीगरों के उत्थान के लिए संघर्ष में सक्रिय रूप से भागीदारी।

<u>विशेष रूचि :</u>

सामाजिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक मुद्दों पर पुस्तक, लेख एवं स्क्रिप्ट लिखना।

देशों का दौरा:

1998 में नार्थ कोरिया में भारत सरकार के भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

1999 में यूएई में संयुक्त संसदीय प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष के रूप में दौरा किया।

2002 में मलेशिया के सत्तारूढ़ दल के राष्ट्रीय समागम में आब्जर्वर के रूप में मलेशिया का दौरा किया।

2003 में 49वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में बांग्लादेश का दौरा किया।

मई, 2005 में एसएएफएमए सम्मेलन में भाग लेने के लिए भाजपा सदस्य संसदीय प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान का दौरा किया।

जून, 2008 में सांसदों के भारत-संयुक्त राष्ट्र फोरम के सदस्य के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा किया।

अप्रैल, 2012 में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में न्यूजीलैण्ड का दौरा किया।

नवम्बर, 2014 में भारत के महामहिम राष्ट्रपति के साथ जाने वाले शासकीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में भूटान का दौरा किया।

जनवरी, 2015 में भारत के महामहिम राष्ट्रपति के साथ सऊदी अरब का दौरा किया।

जुलाई, 2015 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में मिस्र का दौरा किया।

सितम्बर, 2015 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में गाम्बिया का दौरा किया।

यूएसए, मॉरिशियस, हांगकांग, चीन, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, इटली, स्विट्रजरलैण्ड, थाइलैण्ड, यूएई, कुवैत, क़तर, तुर्की, यूके आदि का दौरा किया।

अप्रैल, 2016 में संसदीय सद्भावना प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए सिंगापुर का दौरा किया।

पुस्तकें :

(i) स्याह, 1991 (ii) दंगा, 1998।